


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 236 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 12 जून 2025 | मूल्य 2 रुपया

## बड़े अस्पताल के शौचालय हादसे में वृद्धा की मौत का मामला...

## दो माह बाद भी नहीं हुई जांच, न्याय की राह देख रहा परिवार..!




**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय (बडे अस्पताल) में अप्रैल माह में घटित एक दर्दनाक हादसे के बाद अब तक न्याय की प्रक्रिया ठप्प पडी हुई है। अप्रैल 2025 को एक वृद्ध महिला की मौत अस्पताल परिसर में स्थित खराब शौचालय में फिसलकर गिरने से हो गई थी। उस समय हादसे के पीछे निजी ठेकेदार की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया गया था। जिसकी समाजभर में व्यापक निंदा हुई थी। घटना को गंभीर मानते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने 03 अप्रैल 2025 को एक जांच दल का गठन किया था।

इस जांच दल में डॉ. एसजी सूर्यवंशी (जिला स्वास्थ्य अधिकारी), डॉ. डीके पिप्पल (निश्चेतना विशेषज्ञ) और डॉ. करुणा मेवारी (स्त्री रोग विशेषज्ञ) को शामिल करते हुए सात दिनों के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन, अब इस घटना को दो महीने से भी अधिक समय बीत चुका है और अभी तक न तो जांच शुरू हुई है न ही कोई प्रतिवेदन सामने आया है।

यह लापरवाही न सिर्फ पीडित परिवार की पीडा को बढा रही है बल्कि अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खडे कर रही है। खासकर तब जब महिला की मौत के पीछे निजी ठेकेदार की सुरक्षा व्यवस्था में चूक स्पष्ट मानी जा रही है। कामथेन सिक्योरिटी सर्विस, जो अस्पताल परिसर में सफाई और सुरक्षा का जिम्मा संभाल रही है, उस पर अब तक कोई कार्यवाही न होना संदेह को और गहरा करता है। इस मामले में प्रशासनिक निष्क्रियता पीडित पक्ष के साथ अन्याय के समान है। एक गरीब महिला की जान चली गई और दोषियों पर कोई सख्त कदम नहीं उठाया गया। अब देखना यह है कि गठित जांच दल कब अपनी जिम्मेदारी निभाता है और पीडिता को कब न्याय मिलता है। यह सवाल अब भविष्य के गर्भ में छुपा है। लेकिन, जनसामान्य की निगाहें प्रशासन की ओर टिकी हुई हैं।

## लोनिवि को मिले दो सहायक यंत्री

**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** लोक निर्माण विभाग के अधिकारियो, कर्मचारियों की स्थानांतरण सूची बुधवार शाम को जारी हुई। जिसमें मंदसौर और गरोठ में सहायक यंत्री पदस्थ किए गए। गरोठ में नरसिंहपुर से सौरभ गेहलोत को पदस्थ किया गया है। वहीं मंदसौर में उज्जैन से हिमांशु जैन को भेजा गया है।

# जर्जर भवन:अब आयुक्त ने दिए निर्देश



**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस। शहर में जर्जर मकान के रूप में करीब साठ से अधिक मकान मौत बनकर सालों से खड़े हुए है। कई हादसे भी हुए, जिसमें लोग घायल भी हुए। लेकिन लंबे समय से कम्प्यूटर से सूची निकालकर नोटिस-नोटिस का खेल खेला जा रहा है। मजे की बात तो यह है कि कई बार नोटिस उन लोगों को भी भेज दिए जाते हैं जिनके मकान खुद ही टूट गए या उन्होंने खुद ही तोड दिए। मतलब मौके पर जाने की हिम्मत नपा का अमला नहीं दिखाता। हालांकि इस बार नगरीय विकास आयुक्त ने निर्देश जारी किए है। जिसमें जर्जर भवनों की सूची तैयार कर मानसून पहले गिराने के लिए कहा है।**

### यह जारी हुए भोपाल से निर्देश...

मुख्य सचिव अनुराग जैन द्वारा बारिश के पहले विभागों को बाढ आपदा से बचाव के लिए इंतजाम करने के निर्देश के बाद नगरीय विकास विभाग ने जर्जर भवनों की सूची तैयार करने और मानसून आने के पहले ऐसे भवनों को गिराने का फैसला लिया है। इसके लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जल्द इस तरह के मामलों में एक्शन लें। आयुक्त ने जर्जर भवनों की सूची तत्काल संबंधित जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को उपलब्ध कराने के लिए कहा है। नगरीय विकास आयुक्त भोंडवे ने निकाय प्रमुखों से कहा है कि वे अपने क्षेत्रों में जर्जर भवनों की सूची तैयार करें और मानसून आने के पहले जिला प्रशासन के सहयोग से जर्जर भवनों को गिराने की कार्रवाई करें। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित नागरिकों के विस्थापन के भी निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने यह कार्रवाई नगर निगम अधिनियम और नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने नगरीय निकायों के अधिकारियों को आगाह किया है कि सतर्कता के साथ की गई कार्रवाई से जनधन हानि से बचा जा सकता है। आयुक्त ने जर्जर भवनों की सूची तत्काल संबंधित जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

**✲ मंदसौर में हर बार खेला जाता है नोटिस-नोटिस का खेल ✲ पुराने इलाकों में साठ से अधिक मकान मौत बनकर खड़े**

### यहां ज्यादा दिक्कत...

खानपुरा, शहर किला रोड, जनकुपुरा, धानमंडी, राम मोहल्ला, नृसिंहपुरा, गुदरी तोडा क्षेत्र, नीलगर खरंजा, भावसार गली, तुलसीदास गली, कमल चौक, वाल्मीकि बस्ती, बालागंज, नयापुरा रोड, कर्मचारी कॉलोनी, मंडी गेट, सदर बाजार, पुराना लक्कड़पीठा, मदारपुरा, बोहरा बाखल में कई मकान जर्जर हैं। बीते सालों में शहर सहित अंचल में जनहानि के मामले भी आ चुके हैं। बावजूद जिम्मेदार गंभीर नहीं हैं। वर्तमान स्थिति पर नजर डालें तो बोहरा बाखल क्षेत्र में कई मकान इतने कमजोर हो चुके हैं कि हल्की बारिश में भी गिर सकते हैं। जनकूपुरा के राममोहल्ला क्षेत्र में एक जर्जर इमारत से लगातार पत्थर गिर रहे हैं। इससे आसपास रहने वालों की जान को खतरा बना हुआ है। जनकूपुरा की तुलसीदास गली के पास भी एक पुराना भवन जर्जर हालत में है। इसकी दीवारों में दरारें आ चुकी हैं। पशुपतिनाथ मंदिर से कोर्ट जाने वाले मार्ग पर मिट्टी के टीले पर बने कई मकान भी कमजोर हो चुके हैं। इनकी नींव खिसक रही है। बारिश में इन मकानों के गिरने की आशंका है। स्थानीय लोगों ने बारिश से पहले ही सुधार करने की मांग की है।



### लगातार बढ़ रही संख्या, लगाएंगे जुर्माना...

शहर के पुराने इलाकों में कई मकान जर्जर हालत में हैं। वर्ष 2016 से ही इनकी संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। जर्जर मकानों के बारिश के दौरान गिरने का खतरा बना रहता है। हालांकि नगरपालिका जर्जर मकानों के सर्वे का काम शुरु करने का दावा कर रही है। शहर के पुराने इलाकों में 60 से ज्यादा मकान खतरनाक स्थिति में हैं। हर बार नोटिस तक सीमित रहने वाली नपा इस बार जर्जर मकान मालिकों के खिलाफ सख्ती करने की तैयारी में है। सीएमओ के मुताबिक मकान मालिक ने सहयोग नहीं किया तो संबंधित से जुर्माना वसूला जाएगा। सीएमओ सुधीर कुमार सिंह के अनुसार इस बार और सख्ती की जाएगी। नोटिस के बाद भी संबंधित मकान मालिकों ने कार्रवाई नहीं की या सहयोग नहीं किया तो संबंधित से जुर्माना वसूला जाएगा। सर्वे का काम किया जा रहा है।

## तीन दिन में दो बाइक चोरी

**शामगढ़, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** शामगढ़ नगर में बाइक चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। बीते तीन दिन में दो बाइक चोरी की वारदातें सामने आई हैं। पुलिस गश्त के बावजूद चोर वारदात कर रहे हैं।

ताजा मामला मंगलवार- बुधवार की दरमियानी रात का है। दो युवक मुंह पर रुमाल बांधकर सुभाष मार्ग स्थित बॉम्बे स्टूडियो के सामने खड़ी गौतम सिसोदिया की फैशन प्रो बाइक चुरा ले गए। यह घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। वीडियो में चोर बाइक का हैंडल लॉक तोडने के लिए दो-तीन चाबियों का इस्तेमाल करते नजर आ रहे हैं। बता दे कि चोरी की जगह से करीब 100 फीट दूर नीम चौक पर पुलिस की रात की गश्त रहती है। इसके बावजूद चोर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। इससे पहले 08 जून को रामगोपाल मालवीय की डीलक्स बाइक खाती पंचायत नहर के पास से चोरी हो गई थी। लगातार हो रही घटनाओं से स्थानीय लोग परेशान हैं।

## मां-बेटे की पानी में डूबने से मौत

**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** गरोठ क्षेत्र के ग्राम बासगोन होडी में पानी के हौद में डूबने से मां-बेटे की मौत की खबर है। मिली जानकारी के अनुसार दस वर्षीय रवींद्र बंजारा खेलते समय पानी के होद में गिर गया। उसे बचाने के लिए मां अनीता पानी के हौद में कूद पडी। घटना में दोनों की पानी में डूबने से मौत हो गई। इधर सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है।



# फिर बनने वाली थी विवाद की स्थिति

## पुलिस फोर्स रही तैनात, दलौदा में एक दिन पहले चले थे लट्ठ

**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** एक दिन पहले दलौदा की भंडारी कॉलोनी में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच लाठिया और लोहे की रॉडे चली। वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुए। दोनों पक्षों ने पुलिस को आवेदन देकर शिकायत की। इधर बुधवार को फिर विवाद की स्थिति निर्मित होने की स्थिति बनने की जानकारी है। हालांकि, इसके पहले ही पुलिस मौके पर तैनात रही।

टीआई दलौदा थाना मनोज गर्ग ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष अपना- अपना कब्जा बता रहे थे। इस संबंध में राजस्व विभाग द्वारा नपती कर इसका निराकरण जल्द ही किया जाएगा। दोनों ही पक्षों ने थाने में आवेदन दिया है। जांच की जा रही है। मामले में जानकारी मिली हैं कि राहुल पिता सत्यनारायण गुर्जर निवासी पिपलिया मंडी की रिपोर्ट पर भगवती लाल पाटीदार, विनोद पाटीदार, लोकेश पाटीदार, अनिल पाटीदार सहित अन्य 15-20 लोगो के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 121, 121ए, 122, 110, 3 (5) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई हैं। आरोपी प्रशासनिक अधिकारियो द्वारा स्थान अवलोकन के दौरान विवाद करने लगे थे।

# दो दिन की चुनावी ट्रेनिंग पर जाएंगी कलेक्टर

**भोपाल, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** केंद्रीय चुनाव आयोग ने प्रदेश की दो महिला कलेक्टरों को ट्रेनिंग देने बुलाया है। रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल और मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग के साथ ही दस जिलों के ईआरओ व 115 बीएलओ को भारत निर्वाचन आयोग ने ट्रेनिंग के लिए बुलाया है। जिन जिलों के ईआरओ (इलेक्शन रिटर्निंग आफिसर) को ट्रेनिंग के लिए बुलाया गया है, उनमें सतना, रीवा, उमरिया, जबलपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, राजगढ़, खंडवा, धार और रतलाम के ईआरओ शामिल हैं। कुल 27 जिलों की हर विधानसभा से एक बीएलओ को बुलाया गया है। ये 23 और 24 जून को दो दिन का प्रशिक्षण लेंगे। इन्हें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार भी संबोधित करेंगे।

### इन जिलों के बीएलओ जाएंगे ट्रेनिंग लेने...

चुनाव आयोग के निर्देश पर जिन जिलों के बीएलओ को दिल्ली में होने वाली ट्रेनिंग के लिए भेजा जाना है, उसमें सतना से सात, रीवा से आठ, सीधी से चार, सिंगरौली से तीन, शहडोल से तीन,



अनूपपुर से तीन, उमरिया केदो, कटनी से चार, जबलपुर से आठ, डिंडोरी से दो, मंडला से तीन, बालाघाट से तीन, सिवनी से चार, नरसिंहपुर से चार, छिंदवाड़ा से सात, राजगढ़ से पांच, आगर मालवा से दो, खंडवा से चार, बुरहानपुर से दो, खरगोन से छह, बड़वानी से चार, अलीराजपुर से दो, झाबुआ से तीन, धार से सात, रतलाम से पांच, मंदसौर से चार, नीमच से तीन बीएलओ ट्रेनिंग के लिए भेजे जाएंगे।

### इसके पूर्व 130 बीएलओ को बुला चुका है चुनाव आयोग...

इसके पूर्व 12 दिन पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चार राज्यों के 373 बूथ लेवल अफसरों को ट्रेनिंग के लिए दिल्ली बुलाया था। इसमें एमपी के 130 बीएलओ शामिल थे। नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) में यह ट्रेनिंग हुई थी और इस बार भी यहीं पर ट्रेनिंग दी जाएगी।

# लंबे समय से एक ही थाने में जमे पुलिसकर्मी होंगे इधर-उधर

## पीएचक्यू से मिले निर्देश, पांच साल से पदस्थ है तो हटाओ

**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले के एक ही थाने में लंबे समय से कई पुलिस वाले पदस्थ है। कुछ दिन के लिए इधर उधर होने के बाद फिर जुगाड़ लगाकर वहीं पोस्ट हो जाते हैं। हालांकि अब पांच साल से ज्यादा समय एक ही थाने पर निकाल चुके पुलिस वालों का इधर से उधर होना तय है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय पीएचक्यू ने पूरे मध्यप्रदेश के पुलिस अफसरों को निर्देश दिए हैं कि जो पुलिसकर्मी (आरक्षक से उपनिरीक्षक तक) किसी एक थाने में 4 साल या उससे ज्यादा समय से तैनात हैं, उनका तबादला 16 जून तक जरूर कर दिया जाए। यह आदेश सभी जिलों के अफसरों को दिया गया है। साथ ही तबादले की जानकारी पीएचक्यू को भी भेजनी होगी।

यह निर्देश स्पेशल डीजी (प्रशासन) आदर्श कटियार ने जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि थानों में लंबे समय से तैनात पुलिसकर्मियों को हटाना जरूरी है ताकि कामकाज पारदर्शी और जनता के हित में बना रहे। समय-समय पर तबादला होने से काम में भी बदलाव आता है और पुलिस के खिलाफ शिकायतें भी कम होती हैं। पुलिस मुख्यालय द्वारा पहले भी इसको लेकर पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्देश जारी किए जाते रहे हैं। लेकिन,... **शेष पेज 4 पर**

# नम आंखों से दी अग्निवीर को विदाई

## राजकीय सम्मान के साथ सैनिक को किया विदा





**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस। पिपलियामंडी के ग्राम बाबूखेड़ा में हर किसी की आंखे नम थी। अग्निवीर कृष्णपालसिंह को राजकीय सम्मान के साथ विदा किया गया। एक दिन पहले मंदसौर जिले के पिपलियामंडी क्षेत्र के ग्राम बाबूखेड़ा के रहने वाले सैनिक कृष्णपाल सिंह की झारखंड के कोडरमा में मृत्यु हो गई।**

बाबुखेड़ा गांव का रहने वाला कृष्णपाल सिंह भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में रांची के दीपा टोली कैंट में तैनात थे। सूचना मिलते ही सेना के अधिकारी रांची कैंप से कोडरमा पहुंचे। स्थानीय पुलिस की निगरानी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मंगलवार को कृष्णपाल का पार्थिव शरीर मंदसौर के लिए रवाना किया गया। बुधवार को महू होते हुए सैनिक का पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचा। यहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर कृष्णपालसिंह को नम आंखों से विदाई दी।

## कालाखेत में संचालित अवैध कलाली पर आबकारी का धावा

**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला आबकारी अधिकारी श्री दांगी द्वारा बताया गया कि, धार्मिक और पवित्र नगरी मंदसौर क्षेत्र के अन्दर अवैध रूप से संचालित कलाली को आबकारी विभाग ने जप्त किया है।

तहसीलदार श्रीमती सोनिका सिंह तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री वास्कले द्वारा मोहल्ला कालाखेत मंदसौर में स्थित एक मकान में शराब की अवैध दुकान संचालित करते हुए आरोपी राजेन्द्र कुमार पिता चुन्नीलाल लखारा निवासी मंदसौर के कब्जे से 12 पेटियों में एवं फ्रिज में रखी बीयर मदिरा अंग्रेजी शराब व देशी मदिरा मसाला आदि का जखीरा बरामद कर 126.5 बल्क लिटर मदिरा जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। जप्त मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य 60 हजार 170 रूपये है। पवित्र क्षेत्र में अवैध रूप से मदिरा की बिक्री पर आबकारी विभाग की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# बारिश से पहले लू से हलाकान...

## तय तारीख से पहले मानसून, 50 दिन होगी ताबड़तोड़ बारिश, मौसम विभाग के मुताबिक मानसून की एंट्री 15 के बाद

**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** इन दिनों गर्मी से लोगों के हाल बेहाल है। मानसून के पहले लू अलर्ट और गर्मी आमजन को सता भी रही है और डरा भी रही है। बुधवार को भी सुबह से ही गर्मी का असर बाजार की रौनक पर नजर आ रहा था। लोग जरुरी होने पर ही घर से बाहर निकल रहे हैं। इस बार जून में सूरज के तीखे तेवर है। दोपहर बाद बादल जरुर छाए, लेकिन उमस और गर्मी से राहत नहीं मिली। पिछले 03 दिन से नौतपा जैसी गर्मी है। मौसम विभाग ने आज 12 जून को भी लू का अलर्ट जारी किया है। 13 जून से फिर से कुछ जिलों में बारिश का दौर शुरु हो जाएगा। हालांकि, जिन जिलों में बारिश नहीं होगी, वहां गर्मी का असर बना रहेगा। वहीं मानसून की बात करें तो मौसम विभाग और ज्योतिष दोनों का गणित अलग अलग है।

### 15 जून से एक्टिव होगा मानसून, 16 जून से प्री मानसून...

मौसम विभाग की माने तो बंगाल की खाड़ी में 13 जून को कम दबाव का क्षेत्र विकसित हो रहा है। इसकी वजह से सुस्त अवस्था में पड़ा मानसून एक बार फिर एक्टिव हो जाएगा। पूरे महाराष्ट्र में सक्रिय होने के बाद मध्य प्रदेश में मानसून प्रवेश करेगा। 16 जून से प्री मानसून की हलचल शुरू हो जाएगी। आंधी और बारिश का दौर शुरू होगा। तापमान में गिरावट आएगी। लेकिन, उमस भरी गर्मी तब भी झेलनी पड़ेगी। 19 से 25 जून के बीच मानसून की ग्वालियर चंबल संभाग में दस्तक हो सकती है। क्योंकि, बंगाल की खाड़ी के सिस्टम के असर से तेज बारिश की संभावना है। मानसून की पूर्वी शाखा से अंचल में मानसून आता है।



### ज्योतिष के अनुसार सूर्य 22 जून से...

सनानत परंपरा में वर्षाकाल की शुरुआत सूर्य के आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश के साथ ही मानी जाएगी। सूर्य 22 जून को आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेगा। पं. यशवंत तिवारी के मुताबिक, आर्द्रा से हस्त नक्षत्र तक कुल 08 नक्षत्रों पुनर्वसु, पुष्य, अश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी और हस्त में बारिश होती है। हर नक्षत्र 15 दिन का होता है। इस तरह 4 माह बारिश के हैं। इस बार जो स्थितियां बन रही हैं, उसके हिसाब से सामान्य से अच्छी बारिश होगी। फसलों के लिहाज से यह अच्छा रहेगा। सावन और भादौ में लगातार बारिश के आसार हैं। भादौ के बाद थोड़ा विराम आ सकता है। पूरे वर्षाकाल में 50 दिन से अधिक बारिश की तिथियां हैं। ज्योतिष जानकारों की माने तो 08 नक्षत्रों की शुरुआत आर्द्रा से होती है। इसके बाद पुनर्वसु, पुष्य, अश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी और हस्त नक्षत्र हैं। हर नक्षत्र 15 दिन का होता है। वर्षा के नक्षत्रों में पुनर्वसु, पुष्य, अश्लेषा और मघा में अच्छी बारिश होती है। सबसे अधिक बारिश मघा नक्षत्र में होती है।

# मंदसौर के अग्निवीर सचिन की ट्रेनिंग पूरी, मां बोली- देश सेवा सर्वोपरी इसलिए इकलौते बेटे को देश सेवा के लिए भेजा



मंदसौर के नयापुरा निवासी सचिन ग्वाला अग्निवीर की 08 महीने की ट्रेनिंग पूरी कर मंगलवार शाम वापस अपने शहर मन्दसौर लौटे। परिजनों के साथ मंदसौर वासियों ने उनका स्वागत किया और शहर के मुख्य मार्गों पर जुलूस निकाला गया। सचिन मंदसौर से अग्निवीर के रूप में ट्रेनिंग पूरी करने वाले 774वें सैनिक हैं। सचिन की मां इंद्रा ग्वाला ने कहा कि सचिन उनका इकलौता बेटा है, जिसे उन्होंने देश सेवा के लिए भेजा है। क्योंकि देश सेवा सर्वोपरि है।सचिन के भाई गौरव ने कहा कि उन्हें अपने भाई पर गर्व है। वहीं, सचिन ने कहा कि मेरे लिए जान से बढ़कर देश है। मैं माता-पिता के साथ देश की सेवा करूंगा। साथ ही सचिन ने युवाओं से भी अग्निवीर बनकर देश सेवा का आग्रह किया है। समाज के लोगों ने कहा कि वर्तमान में ऑपरेशन सिंदूर के बाद जो माहौल बना है, उसमें सचिन देश के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देंगे।



# बांस, आम, जामुन व अर्जुन के पौधे लगाये

## श्रमदानियों द्वारा शिवना किनारों की सफाई व गड्ढे खोदने का कार्य जारी

**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** विधायक श्री विपिन जैन के नेतृत्व में चल रहे शिवना शुद्धिकरण अभियान के 42वें दिन शिवना तट पर पौधे लगाने का क्रम जारी है। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रजातियों के 5 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य है। इसी लक्ष्य के तहत बुधवार को श्रमदानियों ने गड्ढे खोदकर बांस, आम, जामुन व अर्जुन के पौधे लगाये। साथ ही शिवना किनारे फैली गंदगी को भी हटाया गया।

विधायक श्री विपिन जैन ने कहा कि शिवना शुद्धिकरण के साथ-साथ शिवना सौंदर्यीकरण का कार्य भी जारी है। शिव के दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं को अब शिवना का स्वरूप साफ दिखाई दे रहा है। जल्द ही लगाये जा रहे पौधों बड़े होंगे और शिवना नदी के घाट की सुंदरता भी दिखाई देने लगेगी। 11 जून को श्रमदान में विधायक विपिन जैन, वन विभाग से नारायणसिंह, जितेन्द्रसिंह, साबाखेड़ा गांव से विनोद पाटीदार, राकेश पाटीदार, राकोदा गांव से मूलचंद पाटीदार, आकोदड़ा गांव से मुकेश यादव, अमलावद गांव से महिपालसिंह, इन्द्रेश कुमावत भगत, नवोदय विद्यालय पूर्व छात्र संगठन युवराजसिंह झाला, पंकज पाटीदार, योगेश रियार, शेखर सूर्यवंशी, दिलीप मालवीय, समाजसेवी महेश दुबे, रमेश सोनी, अभिषेक तिवारी, नमन पालीवाल, विजय आनंद, महेश मालवीय, कांग्रेसजन विकास दशोरा, राजीव गुलाटी, सुदीप पाटील, राजनारायण लाड़, साबिर इलेक्ट्रीशियन, संजय नाहर, राजेश फरक्या, मनोहर नाहटा, रमेश सिंगार, विश्वास दुबे, डॉ. सोहनलाल धाकड़, अजय सोनी, अमित छाबड़ा, महेश गुप्ता, अकरम खान, रमेश ब्रिजवानी, सादिक गोरी, अशोक राव, राजेश चौधरी, शिवशंकर सौलंकी, राजेश भदोरिया, गणपत कुमावत, मोहनपुरी गोस्वामी, राकेश सेन, ऋषिराज लाड़, गोपाल बंजारा, राजाभाई, महिला नेत्री इष्टा भाचावत, अनिता भदोरिया, वर्षा दोसरिया, मीना चौहान, दीपाली पोरवाल, योगिता बैरागी आदि बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# हितग्राही श्रीमती यशोदा बाई को 56 हजार रू. की राशि का किया भुगतान

**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा बताया गया कि रलायता की रहने वाली आवेदक



श्रीमती यशोदाबाई जाट ने 27 मई 2025 को कलेक्टर के समक्ष जनसुनवाई में आवेदन दिया कि संबंधित श्रीमती यशोदाबाई जाट को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की हितग्राही है, जिसका पंजीयन क्रमांक 12623593 है। संबंधित हितग्राही को योजना के प्रारंभ से विगत 23 माह तक मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि संबंधित के डीबीटी के माध्यम से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के बैंख खाता क्रं 3921020100126 72 में जमा न होकर अन्य व्यक्ति राधेश्याम पिता रतनलाल निवासी खण्डेरिया के बैंक खाता क्रं 391205030101799 में जमा हो रही है।

उक्त शिकायत के संबंध मे कलेक्टर के निर्देश में संबंधित बैंक शाखा प्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, शाखा मंदसौर से उचित कार्यवाही हेतु पत्र दिया गया एवं संज्ञान में लाया गया। बैंक द्वारा जांच करने पर पाया कि संबंधित हितग्राही का आधार राधेश्याम पिता रतनलाल निवासी खण्डेरिया के बैंक खाते से लिंक होने के कारण संबंधित महिला हितग्राही की मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री सम्मान निधी योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि जो गलत खाते में जमा हुई थी, वह समस्त राशि रु 56337/- बैंक द्वारा महिला हितग्राही श्रीमती यशोदाबाई जाट पति स्व. गोपाल जाट निवासी रलायता के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के बैंक खाता क्रं. 392102010012672 में भुगतान करा दी गई है। जिसमे मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि 14451 रूपये है। इस प्रकार निवासी रलायता आवेदक श्रीमती यशोदाबाई जाट को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि का लाभ दिलवाया गया।

# मोदी सरकार रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की अवधारणा को चरितार्थ कर रही है -सांसद पटेल



**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संकल्प से सिद्धि के गौरवशाली 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा मुख्यालय मंदसौर स्थित हर्ष विलास रिसोर्ट पर मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा वरिष्ठ नेता खरगोन बडवानी लोकसभा सांसद गजेन्द्र जी पटेल ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित पूर्व विधायक देवीलाल जी धाकड़ ए भाजपा जिला मिडिया प्रभारी निलेश जैन मंचस्त रहे। इस अवसर पर नगर के प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधुओं की गरीमामय उपस्थिति रही।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संकल्प से सिद्धि के गौरवशाली 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंदसौर जिला मुख्यालय पर आयोजित पत्रकार.वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता एवं सांसद गजेन्द्र पटेल ने कहा की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जन.आधारित और पारदर्शी शासन की प्रतीक है जिसने बीते 11 वर्षों में आंत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखी है। इसी कारण हम विकसित भारत और अमृत काल को जमीन पर उतरते हुए देख रहे हैं। पिछले 11 वर्षों में भारत ने गरीब और जन कल्याण के अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार रिफॉर्म परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की अवधारणा को चरितार्थ कर रही है। वर्ष 2014 से पहले देश तुष्टिकरण और विभाजन की राजनीति में डूबा था लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में अब पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस की संस्कृति स्थापित हुई है। अब न्यू नॉर्मल न्यू ऑर्डर बन चुका है। आज देश की जनता भी कह रही है कि मोदी हैं तो मुमकिन है।श् आम आदमी की सोच बन गई है कि मोदी जी समस्याओं का समाधान करेंगे। प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्रहित में अनुच्छेद 370 को हटाने तीन तलाक को खत्म करना नया वक्फ कानून और सीएए लागू करना तथा विधायी निकायों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण जैसे साहसिक और ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। आतंकवाद के खिलाफ भारत की राजनीति में अब निर्णायकता और आक्रामकता एक न्यू नॉर्मल बन गई है। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के बाद ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक छवि को दुनिया भर में स्थापित किया है। पिछले 11 वर्षों में मोंदी सरकार ने एससी.एसटी.ओबीसी समेत समाज के सभी वर्गों के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है। महिलाओं को नेतृत्व में लाने के लिए उन्हें सेनाए शिक्षाए रोजगार और स्वरोजगार के हर क्षेत्र में अवसर दिए गए हैं। देश नक्सलवाद के खात्मे की ओर बहुत तेजी से बढ़ रहा है। केंद्र सरकार ने एससी.एसटी.ओबीसी समेत समाज के सभी वर्गों के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है।

**प्रधानमंत्री जी विकसित राष्ट्र बनाने की सोच के साथ कार्य कर रहे हैं**–भाजपा के सांसद गजेन्द्र जी पटेल ने कहा कि यह सरकार भविष्य को ध्यान में रखकर देश को आगे की दिशा में ले जाने की सोच के साथ कार्य कर रही है। इसलिए आज हम विकसित भारत की



बात करते हैं। इस अमृत काल और बीते 10द्11 वर्षों नें विकसित भारत की नींव रखी है। इस नींव को मजबूत करने के लिए जो भी आवश्यक निर्णय थे वे सभी लिए गए हैं। आज के समय में 2014 से पहले की ओर लौटने की जरूरत नहीं है लेकिन यह याद रखना चाहिए कि 2014 से पूर्व की सरकार भ्रष्टाचार और घोटालों में डूबी हुई थी। उस समय नकारात्मकता का माहौल था जिसमें कुछ नहीं बदलने वाला की सोच व्याप्त थी। लेकिन 2014 में आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद आशावाद ने जगह बनाई। आज भारत का आम नागरिक कहता है कि मोदी हैं तो मुमकिन है।श् माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति यह धारणा बन चुकी है कि वे समस्याओं का समाधान करेंगे। यह आम नागरिक की सोच बन गई है। इसलिए हम कह सकते हैं कि आशावाद के साथ विकासए आविष्कार और नवाचार ये तीनों बातें जुड़ चुकी हैं। आज हम विकास कर रहे हैंए श्रेष्ठकार्यपद्धतियाँ अपना रहे हैं और नवाचार भी कर रहे हैंए इस प्रकार विकास के कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के शब्दों में विकसित भारत का आधार यही दशक बनेगा।श् इसी कार्य के अंतर्गत उनके नेतृत्व में दी गई नीतियाँ . प्रदर्शन परिवर्तन और सुधार ये तीन बातें हर नीति में स्पष्ट दिखाई देते हैं। हर नीति में कुछ नया नजर आता है। पुरानी नीतियों में जो बदलाव हुए हैं वे सुधार की आवश्यकता और परिवर्तन की मांग के कारण किए गए हैं और उनके लिए ठोस कार्य भी किए गए हैं। यह मूलभूत सिद्धांत पिछले 11 वर्षों में अपनाया गया है जो माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सोच पर आधारित है . सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास।श् अनेक चुनौतियां आई लेकिन इसके बावजूद हमारा मुख्य सिद्धांत हमेशा स्पष्ट और मजबूत रहा है।

**देश हित में महत्वपूर्ण फैसलों को लागू किया**–सांसद गजेन्द्र जी पटेल ने प्रेसवार्ता के माध्यम से कहा कि अगर साहसिक निर्णयों की बात करेंए तो 11 वर्षों में लिए गए सभी निर्णायक कदमों को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताना बेहद कठिन है। फिर भी कुछ फैसले ऐसे हैंए जिन्होंने भारतीय राजनीति में ऐतिहासिक मोड़ लाए हैं। अनुच्छेद 370 का हटाया जाना एक ऐसा राजनीतिक नैरेटिव थाए जिसे देश मान चुका था कि यह संभव नहीं है। यह नहीं हो सकता की धारणा आम हो चुकी थी। लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में यह धारणा टूट गई अनुच्छेद 370 समाप्त हुआ और आज हम इसके परिणाम देख रहे हैं। जम्मू.कश्मीर में लोकसभा चुनाव में 58ण्46 प्रतिशत और विधानसभा चुनाव में 63 प्रतिशत तक टर्नआउट पहुंचना स्पष्ट करता है कि ये परिवर्तन एक साहसी निर्णय का असर हैं। इसी तरह तीन तलाक की प्रथाएं जो मानवता के लिए एक त्रासदी थी पर वर्षों र्तक चुप्पी छाई रही। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी बात कही लेकिन कोई निर्णायक कदम नहीं उठाया गया। मोदी सरकार ने तीन तलाक को समाप्त कर यह साबित किया कि वह महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। यह निर्णय और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जब हम देखते हैं कि बांग्लादेश पाकिस्तान अफगानिस्तान सीरिया ईरान इराक और मलेशिया जैसे इस्लामिक देशों में तीन तलाक जैसी व्यवस्था पहले ही खत्म हो चुकी थी जबकि भारत में यह जारी था।

**देश आर्थिक तौर पर लगातार मजबूत होता जा रहा है**–सांसद गजेन्द्र जी पटेल ने कहा कि आर्थिक अनुशासन लाने के लिए मोदी सरकार ने योजनाबद्ध ढंग से फैसले लिए। बजट की प्रस्तुति को एडवांस किया गया योजना और गैर.योजना व्यय के बीच के भेद को समाप्त किया गया और रेल बजट को मुख्य बजट में समाहित कर समेकित आर्थिक दृष्टिकोण अपनाया गया। इस आर्थिक दूरदर्शिता का परिणाम यह है कि आज भारत दुनिया की टॉप 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के नवीनतम आंकडों के अनुसार भारत अब चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह लगातार चौथा वर्ष है जब भारत सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था रहा है। प्रति व्यक्ति आय में 67 प्रतिशतए विदेशी मुद्रा भंडार में 135 प्रतिशतए निर्यात में 825 अरब अमेरिकी डॉलर का रिकॉर्ड स्तरए एफडीआई में 106 प्रतिशतए टैक्सपेयर्स की संख्या में 127 प्रतिशत और डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में 238 प्रतिशत की वृद्धि यह दर्शाती है कि सरकार ने न केवल फैसले लिएए बल्कि उन फैसलों को ज़मीन पर उतारकर परिवर्तन भी लाया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष भारत को ब्राइट स्पॉट कहता हैए वर्ल्ड बैंक भारत को दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था कहता है और वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम यह तक कह चुका है कि भारत 2025 और 2026 में वैश्विक आर्थिक वृद्धि का प्रमुख इंजन बनने जा रहा है। यह तब संभव हुआ है जब वैश्विक परिस्थितियां विपरीत थीं। भारत की अर्थव्यवस्था ने न केवल खुद को स्थिर बनाए रखने बल्कि हर चुनौती का डटकर सामना किया।

# अब अपने ही मतदान केन्द्र का मतदाता होगा बीएलओ

## बीएलओ की मेपिंग का कार्य कल तक करने के निर्देश, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने ली वीडियो कान्फ्रेंसिंग

**नीमच, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 23 मई 2025 को दिल्ली में आयोजित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के सम्मेलन में दिये गये निर्देशानुसार किसी भी मतदान केन्द्र में नियुक्त किया जाने वाला बी.एल.ओ. (बूथ लेवल अधिकारी) अब उसी मतदान केन्द्र का मतदाता होना चाहिए। संबंधित विधानसभा क्षेत्र का ई.आर.ओ. (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) किसी मतदान केन्द्र के लिए राज्य सरकार या स्थानीय सरकार के किसी भी समूह के सी श्रेणी और उसके उपर के नियमित सेवारत कर्मचारियों में से उस केन्द्र का मतदाता होने पर बीएलओ नियुक्त कर सकेगा। इस आशय की जानकारी मंगलवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश सुखबीर सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग बैठक में दी। नीमच एनआईसी केवीड्यिो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, संयुक्त कलेक्टर डॉ.ममता खेडे, एसडीएम श्री संजीव साहू, श्री पवन बारिया एवं सुश्री प्रीति संघवी, सहायक संचालक जनसंपर्क श्री जगदीश मालवीय, इलेक्शन सुपरवाइजर श्री अजय शुक्ला भी उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन संबंधी तीन बिंदुओं के एजेण्डे पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि उस मतदान केन्द्र में नियमित राज्य, स्थानीय सरकारी कर्मचारी नहीं मिलने पर संबंधित ई.आर.ओ. द्वारा हस्ताक्षरित और डीईओ द्वारा प्रति हस्ताक्षरित एक गैर उपलब्धता प्रमाण पत्र (अनुबंध-1) भरवाकर आंगनवाडी कार्यकर्ता, अनुबंध शिक्षकों अथवा केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के बीच बीएलओ नियुक्त किया जा सकेगा। यदि इन दोनों स्थितियों में बीएलओ की पूर्ति नहीं हो रही तब इन कर्मचारियों की अनुपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र का ईआरओ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के पूर्व अनुमोदन से उस क्षेत्र में कार्यरत अन्य कर्मचारियों की श्रेणी से बीएलओ नियुक्त कर सकेगा। किसी भी अन्य मामले में सीईओ के माध्यम से आयोग से पूर्व अनुमोदन अनिवार्य होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आयोग के निर्देशानुसार 13 जून तक सभी मतदान केन्द्रों के लिए बीएलओ की मैपिंग का कार्य पूर्ण कर लेने के निर्देश ईआरओ को दिये हैं। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार अब एक मतदान केन्द्र में अधिकतम 1200 मतदाता ही शामिल रहेंगे। पहले यह मतदाता संख्या 1500 थी। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में आयोग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के सोशल मीडिया प्लेटफार्म के फालोअर्स भी बढाने के संबंध में चर्चा की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी बीएलओ, शासकीय सेवक इन प्लेटफार्म से जुडे। मतदाताओं की जागरूकता के लिए ग्रुप एम्बेसडर, एएलसी ग्रुप एवं बूथ लेवल के अधिकारी, जागरूकता मंच सक्रिय रहे। उन्होंने जिला स्तर पर भी प्रिंट, इलेक्ट्रानिक, सोशल मीड्यिा, इन्फ्लुएंसर, आजीविका समूह तथा सामाजिक संगठनों को भी ग्रुप में जोडने की सलाह दी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार द्वितीय चरण में 23 एवं 24 जून 2025 को 27 जिलों के 115 बूथ लेबल अधिकारी, चयनित जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का प्रशिक्षण नई दिल्ली में आयोजित होगा।

## गांधीसागर जलाशय के तटवर्ती ग्रामों में वर्षाकाल में बाढ़ सुरक्षा संबंधी निर्देश

**नीमच, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री ने गांधी सागर जलाशय के तटवर्ती ग्रामों में बाढ सुरक्षा के उपयों पर अमल करने के निर्देश विभागीय अमले को दिए है। उन्होने निर्देश दिए है कि, गांधी सागर जलाशय का जलस्तर 1300 फीट तक पहुचने पर मौसम विभाग से वर्षा, तूफान आदि की चेतावनी प्राप्त होने पर टेलीफोन, विशेष वाहक अथवा अन्य शीघ्रगामी साधनों से कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करें।

गांधी सागर जलाशय के जलस्तर 1312 के अन्तर्गत डूब क्षेत्र में कृषि करने वालों को एवं अन्य तटवर्ती ग्रामों के व्यक्तियों को तत्काल डूब क्षेत्र से हट जाने हेतु सूचित करें। गांधी सागर जलाशय के जलस्तर 1312 से 1316 तथा 1316 से 1320 फीट के तटवर्ती 27 ग्रामों के निवासियों को वर्षाकाल में सावधान रहने के लिए आम सूचना द्वारा सूचित करें, तथा जलस्तर 1310 पहुंचने पर राजस्व अधिकारी के सहयोग से इन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की कार्यवाही की जाए।

## मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय व मत्स्य परिवहन पर 15 अगस्त तक प्रतिबंध-कलेक्टर

**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3(2) के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा जिले में 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि में मत्स्याखेट निषेध किया गया है। इस दौरान मत्स्याखेट की रोकधाम मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय व मत्सय परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा-3(2) के प्रावधानों के विरूद्ध एवं मत्स्य क्षेत्र संशोधन अधिनियम 1981 की धारा 5 के तहत उल्लघनकर्ताओं को एक वर्ष तक का कारावास या 5 हजार रूपये का जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जाएगा। म.प्र. शासन मछली पालन विभाग द्वारा छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हे निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अन्तर्गत नहीं लाया गया है को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में बंदऋतु में मत्स्याखेट पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। इस अवधि ने किसी प्रकार का मत्स्याखेट एवं परिवहन व विक्रय न करे एव ना ही इन कार्यों में र्सहयोग दे। नियमों के उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 23 | 2100 | 2233 |
| उड़द | 0000 | 0000 | 0000 |
| सोयाबीन | 4000 | 3950 | 4370 |
| गैहु | 9500 | 2400 | 2800 |
| चना | 393 | 4800 | 5389 |
| मसुर | 120 | 6000 | 6325 |
| धनिया | 184 | 5400 | 6980 |
| लहसुन | 16000 | 2500 | 9000 |
| मैथी | 951 | 3600 | 6000 |
| मुंगफली | 851 | 4100 | 5100 |
| अलसी | 1516 | 6802 | 7300 |
| सरसो | 769 | 5967 | 6210 |
| तारामीरा | 6 | 5100 | 5100 |
| इसबगोल | 80 | 9300 | 11200 |
| प्याज | 1817 | 252 | 1321 |
| कलोंजी | 15 | 10600 | 20471 |
| तुलसी बीज | 8 | 10000 | 12500 |
| डॉलर | 56 | 4800 | 8790 |
| तिल्ली | 62 | 6864 | 8520 |
| जौ | 46 | 1600 | 2300 |
| मटरसुखी | 1 | 3800 | 3800 |
| असालीया | 86 | 5999 | 6180 |
| चियाबीज | 96 | 11500 | 14380 |



# कृषि संकल्प अभियान में नई तकनीक से कृषकों को अवगत कराया

**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के कुलगुरु डॉ ए.के. शुक्ला के निर्देशन में उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर के अधिष्ठाता डॉ आई. एस. तोमर ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत भानपुरा ब्लाक के गांव सानदा, संधारा एवं कालाकोट में भाग लेकर कृषकों को खरीफ से पूर्व फसलों की खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी जिसमें उन्होंने बताया कि किसान भाई खेती के कार्य में फसल चक्र अपनाए साथ ही मिट्टी परीक्षण कराकर फसलों के लिए उर्वरक की मात्रा का निर्धारण करे जिससे पौधों को संतुलित उर्वरक एवं खाद प्राप्त हो सके। साथ ही अधिक उत्पादन हेतु सोयाबीन की उन्नत किस्मों का चयन करें।

प्राध्यापक डॉ. एच.पी. सिंह ने जीवाणु खाद राइजोबियम एवं पी एस बी कल्चर से होने वाले लाभों के बारे में बताया एवं उसके महत्व को समझाया साथ ही कीटनाशकों के सुरक्षित छिड़काव के बारे में जानकारी प्रदान की। कृषि विज्ञान केन्द्र मंदसौर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. जी.एस. चुंडावत ने खरीफ फसलों के प्रमुख कीट एवं रोग प्रबंधन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी गुलाबसिंह चौहान ने किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व के बारे बताते हुए विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी भूपेंद्र कटारे एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ महेश बागड़ी ने विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए उपस्थित कृषकों की समस्याओं का समाधान किया।

## आईटीआई डूंगलावदा में कल युवा संगम रोजगार मेला

**नीमच, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (डूंगलावदा) में 13 जून को युवा संगम (रोजगार, स्वरोजगार, अप्रेन्टिशिप मेला) कार्यक्रम प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक आयोजित किया जा रहा हैं। इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतिया कार्यक्रम में उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठा सकते हैं। युवा संगम कार्यक्रम में जिले की प्रतिष्ठित एवं जिले के बाहर की कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुवक युवा अपनी सी.वी., रिज्यूम की कॉपी साथ लेकर युवा संगम कार्यक्रम में उपस्थित हो सकते हैं।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद् मन्दसौर (म.प्र)

क्रमांक-1396/नामांतरण/2025

## नामातंरण विज्ञप्ति

मन्दसौर दिनांक-11.06.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय को निम्नलिखित भवनों/भूमियों पर नामातंरण हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। जिस किसी को इन आवेदनो पर आपत्ति हो तो उक्त विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति मय ठोस दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार नामातंरण की कार्यवाही की जावेगी। सूचित हो।

| क्र. | प्रकरण क्र. | मोहल्ला | वार्ड नं. | प्लाट/ मकान नं. | नगर पालिका रिकार्ड में दर्ज नाम | अंतरण कराने वाले का नाम | किसके हक में अंतरण होगा | माध्यम/ आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 661x7/2025 | तलेरा विहार | 7 | प्लांट नं. 52 | ईश्वरलाल पिता रामचंद्र गुप्ता | ईश्वरलाल पिता रामचंद्र गुप्ता | विनिता पति गणेश गुप्ता | विक्रय पत्र |
| 2 | 662x7/2025 | सुयंश नगर | 39 | प्लांट नं. 13 | कालो. फर्म सिद्धाचंल एसोसिएटस | महेशकुमार पिता बंशीलाल गुप्ता | अनिलकुमार पिता मांगीलाल जैन | विक्रय पत्र |
| 3 | 663x7/2025 | गौतम नगर रोड 4 | 18 | मकान नं.72 | चंद्रकला पति स्व. मोतीलाल नीमे | चंद्रकला पति स्व. मोतीलाल नीमे | दिनेश नारायण, विष्णु नारायण दिग्विजय नारायण, पिता स्व. मोतीलाल नीमे, चेतना पति स्व. ईशनारायण नीमे, सूर्यप्रभा पति स्व. शरदनारायण नीमे, माधवी पति स्व. अशोककुमार बैरागी, निशा पति प्रद्युमन मुरारी, अर्पणा पति मुकेश शर्मा | शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 4 | 664x7/2025 | यश नगर कर्म. कालोनी | 40 | प्लांट नं. 31 | कर्म. गृह निर्माण समिति | कृष्णदास पिता मोतीलाल गुप्ता | रमेश पिता श्यामलाल पारिख | विक्रय पत्र |
| 5 | 665x7/2025 | जंगली हनुमान | 12 | मकान नं. 19का भाग | वंदना पति शेलेन्द्र त्रिवेदी | वंदना पति शेलेन्द्र त्रिवेदी | यशोदाकुमारी पति स्व. सतीश कुमार | विक्रय पत्र |
| 6 | 666x7/2025 | आनंद विहार एक्स.5 | 5 | मकान नं. 35 | विशाल पिता पुष्कर मंडेला | विशाल पिता पुष्कर मंडेला | पायल पति सुशील जैन | विक्रय पत्र |
| 7 | 667x7/2025. | कर्मचारी कालोनी | 21 | प्लांट नं.125व 25ए | म.प्र. गृह निर्माण समिति | वीणा देवी पति घनश्याम जोशी | सुनीता पति दीपेन्द्र चौबे | विक्रय पत्र |
| 8 | 668x7/2025 | राज विहार कालोनी | 37 | प्लांट नं. बी 2 | सरोज पति स्व. ओमप्रकाश सोनी व आदि | सरोज पति स्व. ओमप्रकाश सोनी व आदि | गौरव पिता नंदकिशोर चिचानी | विक्रय पत्र |
| 9 | 669x7/2025 | यशोधर्मन मार्ग | 13 | दुकान 5(164/2) | पिंकी पति राजेन्द्रकुमार पाटीदार | पिंकी पति राजेन्द्रकुमार पाटीदार | डालर पति जगदीश पोरवाल | विक्रय पत्र |
| 10 | 670x7/2025 | शंकर विहार गोल्ड | 5 | म. नं. 24 उत्तरी भाग | सूर्यकांत पिता सिद्धेश्वर शुक्ला | सूर्यकांत पिता सिद्धेश्वर शुक्ला | वर्षा गोपाल इसरानी पिता प्रकाश सिंधी | विक्रय पत्र |
| 11 | 671x7/2025 | भोपाली लेन | 18 | मकान नं. 21/2 | आशा पति सुनील शर्मा | आशा पति सुनील शर्मा | रेखा पति स्व. श्यामकुमार कल्याणी | विक्रय पत्र |
| 12 | 672x7/2025 | मुजावरो की घाटी | 25 | मकान नं. 17 | रतनलाल पिता छगनलाल बोथरा | रतनलाल पिता छगनलाल बोथरा | संजूबाई पति रतनलाल परमार ललिताबाई पति विनोद आजाद | विक्रय पत्र |
| 13 | 673x7/2025 | भोपाली लेन | 18 | मकान नं. 21/2 | आशा पति सुनील शर्मा | आशा पति सुनील शर्मा | कशिश पति गिरीश कल्याणी | विक्रय पत्र |
| 14 | 674x7/2025 | सरस्वती टाउनशीप | 4 | प्लांट नं. सी 15 | भरतकुमार पिता नरेशकुमार शर्मा | पंकज पिता घनश्याम धनगर | रंजना पति मुकेश शर्मा | विक्रय पत्र |
| 15 | 675x7/2025 | हरीपुरम | 7 | प्लांट बी 7 | कालोनाईजर | मंजुलता पति रमेशचंद्र पाटीदार | हर्षना पति रोहित पाटीदार | विक्रय पत्र |

राजस्व अधिकारी
नगर पालिका मन्दसौर (म.प्र.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मन्दसौर (म.प्र.)





# प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में भाजपा की प्रोफेशनल मीट सम्पन्न

**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा संघठन महामंत्री हितानन्द, जी शर्मा के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व् में जिला मुख्यालाय मन्दसौर स्थित हर्षविलास रिसोर्ट पर प्रबुद्धजनों कि गरीमामय उपस्थिति में प्रोफेशनल मीट मुख्य अतीथी खरगोन बडवानी क्षेत्र के सांसद गजैन्द्र जी पटेली , सांसद सुधीर गुप्ता , राज्यसभा सांसद बंशीलाल जी गुर्जर , भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश जी दीक्षित , पुर्व विधायक देवीलाल धाकड कि उपस्थिति में सम्पन्न हुई । प्रोफेशनल मीट के प्रारम्भ में भारत माता, डॉक्टर श्यामाप्रकाश मुखर्जी , प. दिनदयाल उपाध्याय के चित्र पर मालार्पण किया गया । मंचस्थल अतिथीयों का स्वागत जिला पदाधिकारी एवं मण्डल अध्यक्षों के द्वारा किया गया ।

प्रोफेशनल मीट को संबोधित करते हुए भाजपा के सांसद गजेन्द्र जी पटेल ने कहा कि यह सरकार भविष्य को ध्यान में रखकर, देश को आगे की दिशा में ले जाने की सोच के साथ कार्य कर रही है। इसलिए आज हम विकसित भारत की बात करते हैं। इस अमृत काल और बीते 10-11 वर्षो ने विकसित भारत की नींव रखी है। इस नींव को मजबूत करने के लिए जो भी आवश्यक निर्णय थे, वे सभी लिए गए हैं। आज के समय में 2014 से पहले की ओर लौटने की जरूरत नहीं है, लेकिन यह याद रखना चाहिए कि 2014 से पूर्व की सरकार भ्रष्टाचार और घोटालों में डूबी हुई थी। उस समय नकारात्मकता का माहौल था, जिसमें कुछ नहीं बदलने वाला की सोच व्याप्त थी। लेकिन 2014 में श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद आशावाद ने जगह बनाई। आज भारत का आम नागरिक कहता है कि मोदी हैं तो मुमकिन है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति यह धारणा बन चुकी है कि वे समस्याओं का समाधान करेंगे। यह आम नागरिक की सोच बन गई है। इसलिए हम कह सकते हैं कि आशावाद के साथ विकास, आविष्कार और नवाचार ये तीनों बातें जुड़ चुकी हैं। आज हम विकास कर रहे हैं, श्रेष्ठ कार्य पद्धतियाँ अपना रहे हैं और नवाचार भी कर रहे हैं, इस प्रकार विकास के कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रोफेशनल मीट को संबोधित करते हुए सांसद सुधीर जी गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में भ्रष्टाचार से ग्रस्त सरकार थी। पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के ऐसे कार्य किए हैं, जिन्हें स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विकसित भारत की संकल्पना सशक्त कदम से सिद्धि की ओर तेजी बढ़ रहा है। देश की सुरक्षा सुदृढ़ होने के साथ ही राजनीतिक संस्कृति को बदलकर नया रूप दिया है। वर्ष 2014 से पहले देश तुष्टिकरण की राजनीति में डूबा हुआ था। प्रोफेशनल मीट को संबोधित करते हुए देवीलाल जी धाकड ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जन-आधारित और पारदर्शी शासन की प्रतीक है, जिसने बीते 11 वर्षों में आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखी है। इसी कारण हम विकसित भारत और अमृतकाल को जमीन पुर उतरते हुए देख रहे हैं। पिछले 11 वर्षों में भारत ने गरीब और जन कल्याण के अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार रिफॉर्म, परफार्म और ट्रांसफार्म की अवधारणा को चरितार्थ कर रही है। वर्ष 2014 से पहले देश तुष्टिकरण और विभाजन की राजनीति में डूबा था, लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में अब पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेर्स की संस्कृति स्थापित हुई है। अब न्यू नॉर्मल, न्यू ऑर्डर बन चुका है।

प्रोफेशनल मीट को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 11 वर्षीय सेवा सुशासन ओर गरीब कल्याण को लेकर जिले में 9 जून से लेकर 6 जुलाई तक जिला मुख्यालय मन्दसौर सहीत जिले के सभी मण्डलों में विभिन्न प्रकार के संघठनात्मक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है इसी क्रम में आज जिला मुख्यालय मन्दबसौर स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर मोदी सरकार कि 11 वर्षीय उपल्बधीयों को लेकर एक प्रदर्शनीय का शुभारम्भ किया है आज ही भाजपा मीडिया विभाग द्वारा प्रेसवार्ता सम्पन्न कि गई है वही नगर के प्रद्धजनों कि उपस्थित्ि में यह प्रोफेशलन मीट सम्पन्न होने जा रही हे आज उपस्थित सभी प्रद्धजनों का में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता हॅु कि और विश्वास रखता हुँ कि इस संगोष्ठिके पश्चात आप सभी प्रबुद्धजन मोदी सरकार कि जन कल्याणकारी योजनों से वंचित परिवारों को लाभन्वित करने का प्रयास करेंगे। प्रोफेशलन मीट में सत्यनारायण सोमानी , अशोक कुमट , राजेन्द्र अग्रवाल, प्रदीप किमती , लोकेन्द्र जैन,योग गुरू सुरेन्द्रश जैन, रविन्द्र पाण्डे, राजेन्द्र चाष्ठा, उद्योगिक सलाहकार मुकेश जैन, भुपेन्द्र सोनी , विकास भण्डारी , संजय सिहल, पप्पु जैन लदुना, संजय गोटी, जितेन्द्र् पोरवाल, रतनेश कुदार, विनय अग्रवाल, डॉ. नितीन चन्दवानी, डॉ. राजेश बोराना, डॉ. विक्रान्त भावसार, रमेश चन्द्रे , निरन्जन भाद्धवाज, एम.पी. सिंह परिहार, योगेश भट्ट , राजाराम तँवर सहीत अनेक नगर के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। भाजपा प्रोफेशलन मीट का संचालन भाजपा जिला मंत्री नरेन्द्र पाटीदार ने किया ओर आभार भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक विजय सुराणा ने माना। उक्त जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत बना दुनिया का 5वां सबसे बड़ा रक्षा निर्यातक-मुख्यमंत्री

## भारत में स्वदेशी रक्षा उत्पादन 174 प्रतिशत बढ़कर एक लाख 27 हजार 434 करोड़ रुपए हुआ, सैन्य प्रौद्योगिकी से मिली नई वैश्विक पहचान

**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में देश का रक्षा क्षेत्र सुदृढ़ हुआ है। वर्ष 2014 के मुकाबले भारत में स्वदेशी रक्षा उत्पादन 174 प्रतिशत बढ़कर 1 लाख 27 हजार 434 करोड़ रुपए से अधिक पहुंच गया है, वहां भारत अब दुनिया का 5वां सबसे बड़ा रक्षा निर्यातक (डिफेंस एक्सपोर्टर) बन गया है। यह निर्यात 100 से अधिक देशों तक फैला हुआ है, जो 2014 में लगभग शून्य था।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से रक्षा से जुड़े प्रत्येक क्षेत्र में भारत ने श्रेष्ठता सिद्ध की है और देश को सैन्य प्रौद्योगिकी के मामले में नई वैश्विक पहचान मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रक्षा गलियारों में 50 हजार 83 करोड़ रुपए के निवेश के साथ भारत अपनी निर्माण क्षमताओं को बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया के समक्ष अपना पराक्रम दिखाया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की दूरदर्शी नीतियों से जम्मू-कश्मीर में 2023 से पत्थरबाजी की एक भी घटना सामने नहीं आई है।

## आज से शुरू होगा राजयोग मेडिटेशन कोर्स

**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** राजयोग साधना केंद्र आत्म कल्याण भवन की संचालिका बीके उषा ने बताया कि आज 12 से 15 जून तक स्थानीय आत्म कल्याण भवन तलेरा विहार पर राजयोग मेडिटेशन कोर्स प्रारंभ किया जा रहा है जिसमे बीके सोनाली राजयोग की विधि बतायेगी। बीके उषा ने बताया कि राजयोग के अभ्यास से जीवन को तनावमुक्त और सुंदर बनाया जा सकता है। राजयोग साधना के लिए प्रतिदिन सुबह 7.30 से 8.30 या शाम के समय 7.30 से 8.30 बजे तक राजयोग साधना केंद्र पर आकर इसकी विधियों को जान सकते हैं।

# दुष्ट का संहार करना ही धर्म-ज्ञानानंदजी

**मनासा, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** भारतमाता का खुन चुनने वाले दुष्ट का संहार करना ही धर्म है।हमारा राष्ट्र रहेगा,तो ही धर्म बचेगा,इसलिए हमें राष्ट्र रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहना होगा ,उपरोक्त उदगार अवान्तर ज्योर्तिमठ भानपुरा के वे शंकराचार्य स्वामी श्री ज्ञानानंद तीर्थ ने सनातन सत्संग मंडल के 38 वें सामुहिक श्रीहनुमान चालीसा पाठ के अवसर पर व्यक्त किये।

स्वामीजी ने उद्बोधन में आराध्य श्रीहनुमान जी के जीवन, सेवाकार्य, समर्पण का उल्लेख कर ईष्टदेव श्रीरामजी के कामो का सफलतापूर्वक सूझबूझ से पूरा करने की दक्षता का उल्लेख करते हुए इसी भाव से प्रेरित होकर सनातन समाज को संगठित कर राष्ट्र प्रथम के लक्ष्य को जीवन में धारण करने का आव्हान किया।आपने कहा की जीवन में मृत्यु एकबार ही आती है जिसे हम राष्ट्र व धर्म के प्रति समर्पित होकर अमरत्व को पा सकते है।आचार्य श्री ने हनुमान चालीसा पाठ के इस सामूहिक आयोजन की प्रशंसा करते हुवे कहा की सनातन धर्म को एकता के सूत्र में लाने का एक अच्छा प्रकल्प हे सभी सनातनियों को प्रति मंगलवार इस आयोजन में अपनी भागीदारी दर्ज कराना चाहिए। सत्संग का प्रारंभ सर्वश्री दिनेश व्यास, बंशीलाल सोनी,राधेश्याम सोनी,जगदीश सोढानी सोनी पहलवान, अर्जुन यजुर्वेदी,सत्यनारायण सोनी,महेन्द्र सोनी,अरविंद सोनी आदि ने हनुमान जीवकी तस्वीर पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण करते हुए किया। इस अवसर पर राजकुमार मारू,श्रीमती बिन्दु श्याम सोनी,सत्यनारायण सोनी,



अरुण झँवर, कमल विजयवर्गीय, निरंजन पाराशर, ओम सोनी आदि ने मधुर भजनो की प्रस्तुति दी। अगला 39 वां सामुहिक श्रीहनुमान चालीसा पाठ 17जून को रात्रि 8-30बजे श्रीराधाकृष्ण मंदिर, उषागंज पर होगा,जिसमे भाग लेने हेतु सनातन सत्संग मण्डल व्दारा आग्रह किया गया।

## एज्युकेशन पोर्टल से परेशान शिक्षक

### आवेदन में आ रही परेशानी, जहां जाना वहां का नाम गायब

**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** लंबे इंतजार के बाद शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के स्वैच्छिक ट्रांसफर पॉलिसी को लागू किया कर दिया। इसके तहत शिक्षक स्वैच्छिक ट्रांसफर के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। लेकिन, जिले में ऑनलाइन आवेदन करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा जारी किया गया एजुकेशन 3.0 पोर्टल शिक्षकों के लिए किसी पहेली को सुलझाने जैसा बन गया है। आवेदन कर रहे शिक्षकों को चाहे गए स्कूल का नाम ही नहीं मिल रहा है। वहीं किसी शिक्षक को पोर्टल में संपूर्ण जानकारी भर देने के बाद स्वैच्छिक ट्रांसफर के लिए अयोग्य बताया जा रहा है। ऐसे में अब शिक्षक परेशान हो रहे है। जिले में अतिशेष शिक्षकों की जानकारी भी पोर्टल पर अपडेट करने में त्रुटी की गई है। इसकी वजह से पद खाली होने के बावजूद शिक्षक उन स्कूलों में पोर्टल पर चॉइस फिलिंग नहीं कर पा रहे हैं। स्कूलों में विषय वार छात्रों की संख्या भी पोर्टल पर ठीक से अपडेट नहीं हो पाई है, जिसके कारण कई शिक्षक अतिशेष की सूची में आ गए हैं।

इसलिए नहीं कर पा रहे आवेदन- शिक्षक संगठनों के अनुसार शिक्षा नीति के नियम अनुसार स्वच्छ स्थानांतरण लिए जाने के बाद तीन शैक्षणिक सत्र एक स्थान पर पूर्ण कर चुके शिक्षक को स्वैच्छिक स्थानांतरण का आवेदन करने की पात्रता है। लेकिन, एजुकेशन पोर्टल में इसे तीन वर्ष की समय सीमा कर दिया गया है। इसके चलते शिक्षक एजुकेशन पोर्टल पर सुरक्षित स्थानांतरण का आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। जबकि, वह एक ही स्कूल में तीन शैक्षणिक सत्र का कार्यकाल पूर्ण कर चुके हैं।

# अपेक्षाएं करना छोड़ दीजिए, रिश्ते अच्छे बन जाएंगे-ईवी गिरीश

**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पांच दिवसीय आद्यात्मिकता के पथ पर जीवन उत्सव के तहत अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मोटिवेशनल वक्ता एवं कॉरपोरेट ट्रेनर प्रोफेसर ईवी गिरीश ने कहा कि जीवन मे बाहर क्या चल रहा है इसकी चिंता आप मत कीजिये लेकिन अपने अंदर हमारी मर्जी से चलना चाहिए। जीवन मे अच्छे रिश्ते चाहिए तो अपेक्षाए छोड़नी होगी।



ईवी गिरीश भाई स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे आडिटोरियम में संबोधित कर रहे थे। आपने कहा कि शरीर से ज्यादा आत्मा महत्वपूर्ण है लेकिन हम ध्यान शरीर का रखते हैं लेकिन आत्मा की ऊर्जा, उसकी सुंदरता के लिए कुछ नही करते। आत्मा का स्वभाव प्यार है एक बार आत्मा से प्यार तो कीजिये। इसके लिए जरूरी है स्वयं का संबंध अपनी आत्मा से जोडिए। आपने कहा कि छोटी-छोटी बातों में हम अपने अंदर की शांति को खो रहे हैं। जबकि परमात्मा आनंद का सागर है अपने मन की तार परमात्मा से जोडें और संबंधों में चाहिए के बजाय देना सीखिए। डर,नफरत,दु:ख कुछ नही होता बल्कि अपने अंदर कमी है। आपको गुस्सा आता है तो प्यार देना शुरू कीजिए आत्मा के जो असल गुण है उन्हें जाग्रत कीजिये,परमात्मा से अपना संबंध जोडिए। ईवी गिरीश भाई ने कहा की हम शांति को जगह-जगह ढूंढते है परंतु गुस्से को साथ लेकर घूमते हैं। इससे हमें बाहर आना होगा। आपने बच्चों को संस्कारी बनाने पर भी जोर दिया और कहा कि बचपन से ही हम बच्चे को डर,चिंता और क्रोध से भर देते हैं। उसके अंदर के आत्म विश्वास को जाग्रत नही करते जिससे आज बच्चो में सहने की क्षमता कम हुई है।

**मन्दसौर शहर की और से किया सम्मान-** ईवी गिरीश भाई का मन्दसौर शहर की और से गणमान्य जनों ने सम्मान किया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मदनलाल राठौर, समाजसेवी दृष्टानंद नैनवाणी, वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी,लोकेश पालीवाल, राजाराम तंवर, बंशीलाल टांक, हेमंत अग्रवाल, खालिद सा ने साफा,शाल से सम्मान किया।

## जावद दिव्यांग शिविर में 96 दिव्यांगजन लाभान्वित

**नीमच, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं एसडीएम जावद सुश्री प्रीति संघवी के मार्गदर्शन में बुधवार को जावद चिकित्सालय परिसर में आयोजित दिव्यांग शिविर में 96 दिव्यांग जनों को लाभान्वित किया गया। एसडीएम सुश्री प्रीति संघवी ने बताया कि दिव्यांग शिविर में कुल 113 पंजीयन हुए। इनमें से72 दिव्यांग जनों के के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाए गए और 24 दिव्यांग जनों को बस यात्रा पास जारी किए गए हैं। सामाजिक न्याय विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर में स्वस्थ यकृत मिशन के तहत 33 दिव्यांग जनों की स्क्रीनिंग भी की गई है।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

## 40 खिलाड़ियों ने महीनें भर मलखंब एवं योगाभ्यास का लिया प्रशिक्षण



**नगरी, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** नगर के महावीर व्यायाम शाला में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयोजन में चल रहें ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन मंगलवार रात्रि को हुआ। 13 मई से प्रारंभ हुए शिविर में नगर के 40 प्रशिक्षार्थियों ने मलखंब,योग,लटकन मलखंब एवं रोप मलखंब का अभ्यास किया। व्यायाम शाला के उस्ताद मुकेश धाकड एवं दिनेश धाकड ने शिविर में भाग लेने वाले बच्चों को प्रशिक्षित किया।

मंगलवार रात्रि को हुए समापन कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, सांसद प्रतिनिधि घनश्याम बग्गड, वरिष्ठभाजपा नेता रामप्रताप वाकतरिया, जिला मलखंब सचिव जीवन माली, पार्षद राजेश जैन, रामेश्वर अटोलिया, भेरूलाल बग्गड, मुकेश चचावद की उपस्थिति रही। जिला खेल अधिकारी श्री देवड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि मलखंब पूर्णत: समर्पण का खेल है। वरिष्ठ भाजपा नेता श्री वाकतरिया ने कहा कि नगरी की महावीर व्यायाम शाला पिछले करीब पांच दशक से अखाड़े के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रहा है। केशरीमल रजवानिया ने सत्तर के दशक में नगरी में व्यायाम शाला की शुरुआत करवाई थी। सांसद प्रतिनिधि घनश्याम बग्गड ने भी संबोधित किया। अतिथियों को स्वागत व्यायाम शाला समिति अध्यक्ष बाबूलाल बग्गड, नारायण धाकड एवं वैभव ने किया। अतिथियों ने व्यायाम शाला में महिनें भर प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों एवं युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान नानालाल धाकड, मुकेश धाकड,मनोज शिकारी, भरत जड़वासा, प्रदीप बग्गड, प्रवीण पांचाल एवं भागीरथ अटोलिया आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन अनिल बग्गड ने किया एवं आभार व्यायाम शाला समिति सचिव दिनेश धाकड ने माना।

## जिले के 19 गांवों में मलेरिया रोधी दवाई का छिड़काव किया जाएगा

**नीमच, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मलेरिया संवेदनशील 19 ग्रामों में मच्छरोधी दवा अल्फार साईफरमेथ्रीन का छिडकाव 16 जून से किया जावेगा। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.खाद्योत ने बताया, कि विकासखण्ड नीमच के दलपतपुरा एवं चेनपुरा, मनासा विकासखण्डन के भदाना, रगसपुरिया, आकली तथा जावद विकासखण्डी के बावलनई, लापिया, खजूरिया, किरता, अमरतिया, रामनगर, आम्बात, दलपतपुरा खुर्द, देहपुरिया, मनोहरपुरा कलां, माता का खेडा, खेड़ा माना, जवरनिया एवं तुरकिया में दवाईयाँ छिडकाव किया जावेगा। दवाई का छिडकाव दो चरणों में किया जावेगा, प्रथम चरण 16 जून से एवं द्वितीय चरण एक सितम्बर से प्रारंभ किया जावेगा।

# नगरीय निकायों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिये वेब आधारित ई-नगरपालिका 2.0

## मध्यप्रदेश पहला राज्य, जहां नगरीय निकायों को सिंगल पोर्टल पर लाया गया

**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिये केन्द्रीकृत वेब आधारित ई-नगरपालिका 2.0 योजना प्रारंभ की है। यह योजना डिजिटल इण्डिया के उद्देश्य को बढ़ावा देने तथा पारदर्शी और त्वरित नागरिक सेवा देने के उद्देश्य से लागू की गयी है। यह योजना ई-गवर्नेंस का अनूठा उदाहरण है। ई-नगरपालिका 1.0 द्वारा नगरीय निकायों द्वारा प्रदत्त समस्त नागरिक सेवाओं, जन-शिकायत सुविधा, निकायों की आंतरिक कार्य-प्रणाली, समस्त भुगतान और बजट प्रक्रिया को एकीकृत कर ऑनलाइन सुविधा प्रदाय की जा रही है। मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है, जहाँ प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों को एक सिंगल पोर्टल पर लाया गया है।

ई-नगरपालिका 2.0 का विभिन्न विभागों जैसे उद्योग, राजस्व, पंजीयन विभाग आदि एवं भारत सरकार के महत्वपूर्ण मोबाइल ऐप जैसे उमंग से भी एकीकृत किया गया है। प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में नागरिक सेवाओं को प्रदाय करने के लिये एकीकृत एकल एसएपी, ईआरपी प्लेटफार्म आधारित ई-नगरपालिका 1.0 लागू की गयी थी। इसके बाद ई-नगरपालिका 2.0 नगरीय निकायों में लागू कर दी गयी है। इसके अंतर्गत 16 मॉड्यूल तथा 24 नागरिक सेवाएँ शामिल हैं। भौतिक अवसंरचना को क्लाउड सेवाओं द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। ई-नगरपालिका 2.0 में जीआईएस एकीकरण और ऑर्टीफिशियल इंटेलीजेंस का भी उपयोग किया जा रहा है। कॉमन सर्विस सेंटर, एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर और भुगतान गेटवे के साथ ई-नगरपालिका 2.0 का एकीकरण किया जा रहा है। ई-नगरपालिका 2.0 ओपन सोर्स प्लेटफार्म टेक्नोलॉजी पर आधारित है। ई-नगरपालिका 2.0 पोर्टल का विकास 2 वर्ष तथा 5 वर्ष के ऑपरेशन और मेंटेनेंस का कार्य वेंडर द्वारा किया जायेगा। विभाग द्वारा अपनी वेबसाइट भी प्रारंभ की गयी है, जिसका यूआरएएल www.mpurban.gov.in है। वेबसाइट पर विभाग द्वारा नगरीय निकायों से संबंधित आवश्यक जानकारी स्टेटिक और डॉयनेमिक रूप में उपलब्ध करायी गयी है।

# दो हादसे: बच्ची समेत दो की मौत

## गरोठ में ट्रैक्टर ने मासूम को मारी टक्कर, शामगढ़ में रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** जिले में दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो लोगों की जान चली गई। पहली घटना गरोठ थाना क्षेत्र के गांव पुनाखेड़ी में हुई। विनोद पाटीदार के ट्रैक्टर की टक्कर से लोकेंद्र गुर्जर की पांच वर्षीय बेटी खुशी की मौत हो गई। मंगलवार की रात परिजन बच्ची को गरोठ शासकीय चिकित्सालय ले गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अगली सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। गरोठ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दूसरी घटना बुधवार सुबह 5:00 बजे शामगढ़-सुवासरा रेलवे ट्रैक पर हुई। एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। मृतक का शव शामगढ़ शासकीय चिकित्सालय के मर्चरी रूम में रखा गया है। शामगढ़ जीआरपी पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस मृतक और उसके परिजनों की पहचान का प्रयास कर रही है।

## लंबे समय से एक ही... पेज 1 से जारी

कई जिलों में इस पर अमल नहीं किया गया है। इसलिए इसके निर्देश दोबारा जारी किए जा रहे हैं।

**तबादले के यह हैं नियम-** ✼ किसी भी पुलिसकर्मी को एक ही थाने में एक पद पर 4 या 5 साल से ज्यादा नहीं रखा जाएगा। ✼ तबादला होने के बाद उसी थाने में फिर से उसी पद पर पोस्टिंग नहीं मिलेगी। ✼ अगर किसी को फिर उसी थाने में लाना हो, तो कम से कम 03 साल का गैप होना जरूरी है। ✼ एक ही पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले थाने) में अलग-अलग पदों पर कुल मिलाकर 10 साल से ज्यादा पोस्टिंग नहीं हो सकती। इसमें अटैचमेंट की पोस्टिंग भी गिनी जाएगी।



# पुलिस अधीक्षक ने एनसीसी छात्र सैनिकों से किया संवाद

**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** 5मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद ने एनसीसी छात्र सैनिकों से संवाद किया।

राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स और पुलिस अधीक्षक के बीच यह संवाद प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, देशभक्ति और नागरिक दायित्व की भावना को सुदृढ़ करना था। पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद ने कैडेट्स को पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली, कानून व्यवस्था की चुनौतियाँ, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा तथा युवाओं की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि युवा नशामुक्ति, ट्रैफिक नियमों के पालन और साइबर अपराध के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कैडेट्स ने भी पुलिस अधीक्षक श्री आनंद से विभिन्न सामाजिक विषयों पर प्रश्न पूछे और संवाद किया। इस संवाद से उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना और भी प्रबल हुई। साथ ही, पुलिस प्रशासन के प्रति उनका विश्वास और अपनत्व भी बढ़ा। कार्यक्रम के अंत में 5 म.प्र. बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल ज्योति प्रकाश ने पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद का आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शिविर में उपस्थित होकर युवाओं को प्रेरित करेंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 को, प्रदेश स्तरीय होंगे कार्यक्रम

**मंदसौर, 11 जून गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा योग को वैश्विक पहचान देते हुए वर्ष 2015 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया है। वर्ष 2015 से सारी दुनिया में योग के प्रति उत्साही भागीदारी देखी गई है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूर्ण हो रहा है। इस अवसर पर वृहद रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के साथ-साथ काउंट डाउन एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

प्रदेश में जिला, विकासखंड एवं पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, चिकित्सा एवं तकनीकी शिक्षा संस्थान, आयुष, नर्सिंग, पशु चिकित्सा, कृषि, शिक्षा, पॉलीटेक्निक, आईटीआई के साथ निजी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की भागीदारी रहेगी। प्रदेश के समस्त संस्थानों में योग दिवस में भाग लेने के लिये आयुष मंत्रालय भारत सरकार की लिंक http://yoga. ayush. vog.in/yoga. sangam में आयोजक के रूप में पंजीयन कराया जाना है। जिससे भारत सरकार स्तर पर प्रदेश में आयोजन की संख्या निर्धारित हो सके। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की निर्धारित थीम 'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिये योग' रखी गई है। प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर भी सामूहिक योग के लिये विशेष व्यवस्था की जा रही है। सामूहिक योग कार्यक्रम की शुरूआत 21 जून को प्रात: 6 बजे से होगी। सामूहिक योग की प्रक्रिया प्रात: 7.45 पर संपन्न हो जायेगी।


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/939/खनिज/2025 मंदसौर, दिनांक-10.06.2025

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

//// प्रथम सूचना ////

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सौरभ पाण्डेय पिता रामनारायण पाण्डेय निवासी अभिनंदन कालोनी मेन, मंदसौर, जिला मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 02.06.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 15.07.2025 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

### आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | मंदसौर | गांधीग्राम | 155 | 4.000 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर, एम.सेड़ एवं मुरम (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15.07.2025 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त आवेदन पत्र को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.

G-14193/25 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in